राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण

वित्तीय वर्ष 2018–19 की वार्षिक रिपोर्ट
अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण
बी–1 विंग, सातवाँ तल
पं0 दीनदयाल अंतयोदया भवन,
सी.जी.ओ.कॉम्पलेक्स, लोधी रोड़,
नई दिल्ली–110003

विषय सूची

क्रम सं.	अध्याय सं.	मद	पृष्ठ संख्या
1	अध्याय I	प्रस्तावना	3
2	अध्याय II	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का गठन और इनके परिवर्तनों एवं इसके प्रकार्यों सहित	4-6
3	अध्याय III	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की बैठकें और उसमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय	7-21
4	अध्याय IV	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा गठित समिति / दल	22-27
5	अध्याय V	प्रशासनिक मामले	28-40
6	अध्याय VI	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के वित्त एवं लेखे	41
7	अध्याय VII	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की वार्षिक योजना	42-44
8	अध्याय VIII	अनुपालन	45-51
9	अध्याय IX	अनुलग्नक	52
10	(i)	व्याघ्र रिजर्वों (राज्यवार) की सूची	53-54
11	(ii)	बाघ आरक्षों के अन्दर एवं बाहर बाघ मृत्यु (प्राकृतिक एवं अन्य कारण)	55-58
12	(iii)	वर्ष के दौरान बाघ रिजर्वों के लिए केंद्र प्रायोजित योजना - व्याघ्र परियोजना के अंतर्गत जारी स्वीकृति (दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)	59-62
13	(iv)	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का वर्ष के 31 मार्च को वित्तीय विवरण / तुलन पत्र	63
14	(v)	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का आय एवं व्यय लेखा	64
15	(vi)	राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का वर्ष के 31 मार्च कोप्राप्तियां एवं भुगतान	65-67
16	अनुसूची - 1	वर्ष के 31 मार्च को तुलन पत्र में शामिल होने वाली समग्र / पूंजीगत निधि	68
17	अनुसूची - 2	आरक्षिति और अधिशेष	69
18	अनुसूची - 3	उद्दिष्ट / स्थायी निधियां	70
19	अनुसूची - 4	प्रतिभूत ऋण एवं उधार	71
20	अनुसूची - 5	अप्रतिभूत ऋण और उधार	72
21	अनुसूची - 6	आस्थगित ऋण और देयताएं	73
22	अनुसूची - 7	चालू देयता एवं प्रावधान (दिनांक 31. 03. 2019 की स्थिति के अनुसार)	74

23	अनुसूची - 8	अचल आस्तियां (दिनांक 31. 03. 2019 की स्थिति के अनुसार)	75-76
24	अनुसूची - 9	उद्दिष्ट / स्थायी निधियां में निवेश	77
25	अनुसूची - 10	अन्य निवेश (दिनांक 31. 03. 2019 की स्थिति के अनुसार)	78
26	अनुसूची - 11	अन्य निवेश (दिनांक 31. 03. 2019 की स्थिति के अनुसार)	79-80
27	अनुसूची - 12	बिक्री सेवाओं से आय	81
28	अनुसूची - 13	अनुदान / सब्सिडी	82
29	अनुसूची - 14	शुल्क / अभिदान	83
30	अनुसूची - 15	निवेश से आय	84
31	अनुसूची - 16	रॉयल्टी / प्रकाशन से आय	85
32	अनुसूची - 17	सावधि जमा / बचत खातों पर अर्जित ब्याज /ऋण	86
33	अनुसूची - 18	अन्य आय	87
34	अनुसूची - 19	तैयार माल के स्टॉक एवं प्रगतिधीन कार्य में वृद्धि / कमी	88
35	अनुसूची - 20	स्थापना व्यय	89
36	अनुसूची - 21	अन्य प्रशासनिक व्यय आदि	90
37	अनुसूची - 22	अनुदान	91
38	अनुसूची - 23	ब्याज	92
39	अनुसूची - 24	महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	93
40	अनुसूची - 25	लेखाओं संबंधी आकस्मिक देयताएं एवं लेखा टिप्पणियां	94
41		बाघ संरक्षण प्राधिकरण के लेखे से संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट	95-105

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण

अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019 तकके वित्तीयवर्ष की वार्षिक रिपोर्ट

(राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के गठन के बाद से दसवीं वार्षिक रिपोर्ट)

अध्याय I

<u>प्रस्तावना</u>

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, जिसका गठन वर्ष 2006 में यथासंशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम,1972के समर्थकारी उपबंधों के अंतर्गत,उक्त अधिनियम के तहत इसे सौंपी गई शक्तियों एवं प्रकार्यों के अनुसार व्याघ्र संरक्षण को सुदृढ करने के लिए किया गया है।

यह प्राधिकरण व्याघ्र प्रस्थिति के मूल्यांकन पर आधारित परामर्शी /निर्देशात्मक दिशानिर्देश, चालू संरक्षण पहलों और विशेष रूप से गठित समितियों के माध्यम से पर्यवेक्षण प्रतिधारित रखते हुए देश में व्याघ्र संरक्षण को सुदृढ करने के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के दायरे में अपने अधिदेश को पूरा कर रहा है। यह प्राधिकरण वर्तमान में 'व्याघ्र परियोजना' के माध्यम से 18 व्याघ्र रेंज राज्यों में फैले 50 टायगर रिजर्वोंको निधियन सहायता प्रदान करता है।'व्याघ्र परियोजना' व्याघ्रों के यथा स्थिति संरक्षण के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की केन्द्र प्रायोजित योजना है और यह योजना विलुप्तप्राय व्याघ्र को विलुप्त होने से बचाकर पुनर्प्राप्ति के सुनिश्चित मार्ग पर लाई है, जैसा किपरिष्कृत पद्धति का उपयोग करते हुएअखिल भारतीय व्याघ्र अनुमान के हालिया निष्कर्षों में सामने आया है।

<u>व्याघ्र संरक्षण के उद्देश्य</u> :

वैज्ञानिक, आर्थिक, सौन्दर्यीकरण, सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिकीय मूल्यों के लिए भारत में व्याघ्रों की संख्या को जीवनक्षम स्तर तक बनाए रखने तथा लोगों को लाभ, उनकी शिक्षा एवं आनंद के लिए जैविक महत्व के क्षेत्रों का सदैव राष्ट्रीय धरोहर के रुप में संरक्षण करना।

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के उद्देश्य :

1. व्याघ्र परियोजना को सांविधिक प्राधिकार प्रदान कराना ताकि इसके निर्देशों के अनुपालन कोकानूनी दायरे में लाया जा सके।
2. हमारे संघीय ढांचे के अंतर्गत, राज्यों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए एक आधार प्रदान कर टायगर रिजर्वों के प्रबंधन में केन्द्र-राज्य उत्तरदायित्व कायम हो।
3. संसद द्वारा निगरानी की व्यवस्था करना।
4. टायगर रिजर्वों के आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की आजीविका के हितों पर ध्यान देना।

*****

अध्याय II

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का गठन और इसमें किए गए परिवर्तन और इसके प्रकार्य

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण का गठन दिनांक 04.09.2006 को, अन्य बातों के साथ - साथ व्याघ्र संरक्षण प्रबंधन में निर्देशात्मक मानकों को सुनिश्चित कर, आरक्षित क्षेत्र विशिष्ट व्याघ्र संरक्षण योजना तैयार कर, संसद के पटल पर वार्षिक / लेखापरीक्षा रिपोर्ट रखकर, मुख्य मंत्रियों की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संचालन समितियों का गठन कर और व्याघ्र संरक्षण प्रतिष्ठान की स्थापना कर व्याघ्र संरक्षण की सुदृढ़ व्यवस्था करने के लिए किया गया था। राजपत्र अधिसूचनाद्वारा गठित राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के सदस्यों की सूची इस प्रकार है:

1.	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रभारी मंत्री	- अध्यक्ष
2.	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री	- उपाध्यक्ष
3.	संसद सदस्य (लोकसभा) : श्री नगेन्द्र सिंह	- सदस्य
4.	संसद सदस्य (लोकसभा) : श्री राजू शेट्टी	- सदस्य
5.	संसद सदस्य (राज्य सभा): श्री के. सी.रामामूर्ति	- सदस्य
6.	श्री पी.आर. सिन्हा, पूर्व निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून,मकान सं. के-1-12, सेक्टर-डी, प्रसाद लैब, कंकड़बाग कॉलोनी, पटना, बिहार-800020	- सदस्य
7.	डॉ. तिष्यरक्षित चटर्जी, सेवा निवृत्त सचिव, पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं निदेशक, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, रिंग रोड़, नई दिल्ली	- सदस्य
8.	श्री हेमेन्द्र कोठारी, अध्यक्ष, डीएसपी ब्लैक रॉक, मफतलाल सेन्टर, दसवां तल, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई-400021, महाराष्ट्र	- सदस्य
9.	श्री बी.के.पटनायक, सेवा निवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन, उत्तर प्रदेश, 105, सुरेखा विल्ला, मिगमानन्दा नगर, लेन-2, बोमीखाल, भुवनेश्वर, ओडिशा-751012	- सदस्य
10.	श्री एस. एस. श्रीवास्तव, आईएफएस, सेवानिवृत्त पीसीसीएफ एवं एचओएफएफ, ओडिशा, फ्लैट नं. बी-031, राहेजा अटलाटिस, सेक्टर – 31, गुड़गांव (हरियाणा) – 122001	- सदस्य
11.	श्री अनिश अंधेरिया (पीएचडी), वन्यजीव संरक्षण न्यास, 11वां तल, मफतलाल सेंटर, नारीमन पोइंट, मुंबई – 400021	- सदस्य
12.	श्रीखगेश्वर नायक, सेवानिवृत्त क्षेत्र निदेशक, कान्हा टायगर रिजर्व, एस.वी. 19, श्रीखेत्र विहार, ऐगिनिया, जिला खुर्दा, भुवनेश्वर, ओडिशा – 751019	- सदस्य
13.	सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	- सदस्य
14.	वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	- सदस्य
15.	सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय	- सदस्य

16.	सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	- सदस्य
17.	अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग	- सदस्य
18.	अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग	- सदस्य
19.	सचिव, पंचायती राज मंत्रालय	- सदस्य
20.	निदेशक, वन्य जीव परिरक्षण, पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	- सदस्य
21.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, उत्तर प्रदेश	- सदस्य
22.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, तेलंगना	- सदस्य
23.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, असम	- सदस्य
24.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, ओडिशा	- सदस्य
25.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, झारखंड	- सदस्य
26.	मुख्य वन्यजीव वार्डन, महाराष्ट्र	- सदस्य
27.	संयुक्त सचिव एवं विधायी सलाहकार, विधायी विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली	- सदस्य
28.	अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	- सदस्य सचिव

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के प्रकार्य :

वर्ष 2006 में यथा-संशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38णके तहत राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की शक्तियां और प्रकार्य इस प्रकार हैं :

(क) इस अधिनियम की धारा 38र की उप-धारा (3) के तहत राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई व्याघ्र संरक्षण योजना को अनुमोदित करना;

(ख) संधारणीय विकास पारिस्थितिकी के विभिन्न पहलुओं का आकलन और मूल्यांकन करना तथा व्याघ्र आरक्षित क्षेत्र के भीतर खनन, उद्योग और इसी प्रकार की अन्य परियोजनाओं के लिए पारिस्थितिकी रूप से बेढंग भूमि उपयोग को रोकना;

(ग) समय-समय पर व्याघ्र आरक्षित क्षेत्रके सुरक्षित और प्रमुख क्षेत्र में व्याघ्र संरक्षण के प्रयोजन सेव्याघ्र परियोजना के लिए दिशा-निर्देश तथा पर्यटन कार्यकलापों के लिए निर्देशात्मक मानक निर्धारित करना तथा उनका विधिवत अनुपालन सुनिश्चित करना;

(घ) कार्य-योजना संहिता में राष्ट्रीय पार्कों, पक्षी अभ्यारण्यों अथवा टायगर रिजर्व के बाहर वन क्षेत्रों में मानव और वन्यजीव से संबंधित संघर्ष का समाधान करने के प्रबंधन की व्यवस्था करना तथा उपाय सुझाना और इनके सह-अस्तित्व पर विशेष ध्यान देना;

(ङ) भावी संरक्षण योजना,व्याघ्र और इसकी प्राकृतिकभक्ष्य पशु प्रजातियों के आकलन,प्राकृतिक वास प्रस्थिति, बीमारी सर्वेक्षण, मृत्यु सर्वेक्षण, पेट्रोलिंग, अनुचित घटनाओं से संबंधित रिपोर्ट और भावी संरक्षण योजना के लिए यथा-उपयुक्त अन्य प्रबंधन पहलुओं सहित संरक्षण उपायों के संबंध में सूचना प्रदान करना;

(च) व्याघ्र,सह-परभक्षी, भक्ष्य पशु पर्यावास, सम्बद्ध पारिस्थितिकी और सामाजिक-आर्थिक मापदंडों के संबंध में अनुसंधान तथा निगरानी को अनुमोदित, समेकित करना तथा इनका मूल्यांकन करना;

(छ) यह सुनिश्चित करना कि टायगर रिजर्व और एक संरक्षित क्षेत्र अथवा व्याघ्र आरक्षित क्षेत्र के किसी अन्य संरक्षित क्षेत्र अथवा टायगर रिजर्व को जोड़ने वाले क्षेत्रों कोराष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के अनुमोदन तथा व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की सलाह से जनहित के अलावा, अन्य किसी बेढ़ंग पारिस्थितिकी उपयोग के लिए परिवर्तित नहीं किया जाता है;

(ज) अनुमोदित प्रबंधन योजनाओं के अनुसार पारि-विकास और जनता की सहभागिता के माध्यम से राज्य में जैव-विविधता संरक्षण पहलों के लिए व्याघ्र संरक्षण प्रबंधन को सुकर बनाना और सहायता प्रदान करना तथा केन्द्र और राज्य कानूनों के अनुसार इनसे संबंधित क्षेत्रों में इसी प्रकार की पहलों के लिए सहायता प्रदान करना;

(झ) व्याघ्र संरक्षण योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए वैज्ञानिक, सूचना प्रौद्योगिकी और विधिक सहायता सहित अत्यधिक महत्वपूर्ण सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करना;

(ञ) व्याघ्र आरक्षित क्षेत्रके अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल विकास के लिए जारी क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को सुकर बनाना; और

(ट) व्याघ्रों और उनके निवास स्थान के संरक्षण के संबंध में इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यथा-आवश्यक अन्य कार्यों को निष्पादित करना।

’’’’’’

अध्याय-III

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की बैठकें और उन बैठकों में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण(एनटीसीए) की 15वीं बैठक का कार्यवृत्त / सारांश इस प्रकार है

(08 मार्च 2019, शुक्रवार, नई दिल्ली)

डॉ.हर्षवर्धन, माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता में08 मार्च 2019 को महानदी सभागार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की पंद्रहवीं बैठक आयोजित की गयी।

2.इस बैठक के प्रतिभागियों की सूची **अनुलग्नक-1** में दी गयी है।

3. नव नियुक्त एनटीसीए सदस्यों के परिचय के साथ इस बैठक की शुरूआत हुई।

4. माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं अध्यक्ष, एनटीसीए ने सदस्योंका स्वागत किया और नये सदस्यों के अनुभवों पर प्रकाश डाला जिनसे देश में व्याघ्र संरक्षण को और सुदृढ करने में सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि दुनिया भर में व्याघ्र संरक्षण में भारत की अग्रणी भूमिका है, जिसकी एक ओर जहॉ प्रशंसा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर पूरे विश्व द्वारा इस पर समीक्षात्मक नजर रखी जा रही है।

इस हैसियत को बनाए रखने के लिए उन्होंने नियमित कार्यक्रम से बाहर निकलने और देश में व्याघ्र संरक्षण को और सशक्त करने के लिए नवोन्मेषी विचारों को विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने टिप्पणी की कि रणनीतिक सोच से विचारों को शीघ्र कार्रवाईयों में परिणत किया जा सकेगा जिनके परिणामस्वरूप मौजूदा परिदृश्य में माप योग्य अंतर आएगा।

माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तनमंत्री ने कहा कि व्याघ्र संरक्षण निहायत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य क्षेत्र है, जिसमें नई पद्धतियां को विकसित करने का दायरा अपरिमित है। उन्होंने विचार अभिव्यक्त किया कि व्याघ्र संरक्षण भारत की प्रतिष्ठा का मामला है, और इसे सफल बनाने के लिए अधिकारियों की प्रशंसा की।

5. **कार्यसूची मद संख्या 1**

अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना) एवं सदस्य सचिव(एनटीसीए) ने देश में व्याघ्र संरक्षण के मार्गदर्शन के लिए एनटीसीए द्वारा उठाए गए नये कदमों के अलावाएनटीसीए के

कार्यकलापों,एनटीसीए की समितियों की भूमिका और उत्तरदायित्वों, अखिल भारतीय व्याघ्र आकलन के चौथे दौर, 2018 की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी।

6. **<u>कार्यसूची मद संख्या 2</u>**

एनटीसीए की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

उपस्थित सदस्यों ने एनटीसीए की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

7. कार्यसूची मद सं. 3

एनटीसीए की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्रवाई

अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना) एवं सदस्य सचिव(एनटीसीए) ने समिति को निम्नलिखित कृत कार्रवाईयों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी :-

(i) जैसा कि बैठक में अध्यक्ष द्वारा जोर दिया गया, वर्ष 2017-18 में ''अनुदान सहायता'' और एनटीसीए को व्याघ्र परियोजना के लिए आवंटित बजट का पूरी तरह से उपयोग कर लिया गया है।

(ii) क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किए गए पर्यवेक्षण दौरों के द्वारा और प्रबंधन प्रभावकारिता मूल्यांकन (एमईई)तंत्र के माध्यम से एनटीसीए द्वारा जारी की गयी सभी एसओपी और परामर्शी की अनुपालना सुनिश्चित की गयी।

(iii) टायगर रिजर्व के मूल / नाजुक व्याघ्र पर्यावासों से स्वैच्छिक पुनर्वास के लिए पैकेज बढाने हेतु सिफारिश देने के लिए एक समिति गठित की गयी है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का अभिसरण भी शामिल है। इस समिति को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) से आदान (इनपुट) प्राप्त हुए हैं, जिसे शामिल करने की प्रक्रिया की जा रही है।

(iv) जहॉ तक व्याघ्र मर्त्यता मामलों को अंतिम रूप देने का संबंध है, वर्तमान विचाराधीनता वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक कुल 554 मामलों का 10 प्रतिशत (55) है।

(v) राज्य स्तर पर स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वासन के साथ योजनाओं के अंत:पुच्छन का पहले से ही एक प्रावधान है।

प्राधिकरण ने यथोक्त कार्रवाई को नोट किया।

8. कार्यसूची मद सं. 4

वर्ष 2017-18 के लिए बजट/व्यय अनुसूचियों का अनुमोदन

क) प्राधिकरण ने सर्वसम्मति से तुलन पत्र, आय और व्यय लेखा, प्राप्तियों और भुगतान विवरण तथा लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ वित्तीय विवरणों के प्रारूप की अभिपुष्टि की।

ख) प्राधिकरण को वर्ष 2018-19 के लिए एनटीसीए को 1000.00 लाख रुपए के आवंटन की सूचना दी गयी थी और एनटीसीए को निर्मोचित 900.00 लाख रुपए में से 887.00 लाख रुपए का व्ययकिया गया।

ग) चालू केंद्र प्रायोजित योजना,व्याघ्र परियोजना के तहत प्राधिकरण को वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 34500.00 लाख रुपए के शत् प्रतिशत उपयोग से अवगत कराया गया था।

घ) प्राधिकरण को वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान आवंटित 35,000.00 लाख रुपए में से 29,789.05 लाख रुपए की राशि के उपयोग की सूचना दी गयी थी।

ङ) प्राधिकरण ने व्याघ्र परियोजना की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वास के लिए टायगर रिजर्व को निर्मोचित निधि को भी नोट किया है, जो इस प्रकार है:

2017-18	15226.00 लाख
2018-19 (दिनांक 8.3.2019 तक)	10650.00 लाख
2018-19	11886.00 लाख

9. कार्यसूची मद सं. 5

सदस्य सचिव - एनटीसीए को शक्तियों का प्रत्यायोजन

क) प्राधिकरण ने सदस्य सचिव (एनटीसीए) को सिविल कार्य पर व्यय करने के लिए 50,000.00 रुपए राशि की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 5,00,000.00 लाख रुपए करने संबंधी शक्तियों के प्रत्यायोजन को अनुमोदित किया।

ख) प्राधिकरण ने सदस्य सचिव (एनटीसीए) को एनटीसीए के अधिकारियों द्वारा विदेश यात्रा पर किए जाने वाले व्यय के लिए एनटीसीए ''अनुदान सहायता'' निधि का उपयोग करने हेतु प्राधिकृत किया है।

10. कार्यसूची मद सं. 6

एनटीसीए सदस्यों द्वारा निम्नलिखित मुद्दे विचारार्थ भेजे गए थे :

क) मुख्य वन्यजीव वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू), उत्तर प्रदेश ने सूचित किया है कि वन्यजीव - मानव निषेधात्मक अंत:क्रिया को राज्य में मंत्रिमंडल के अनुमोदन से एक प्राकृतिक आपदा घोषित कर दिया गया था। उन्होंने यह भी सूचित किया कि मुद्रास्फीतिक रुझानों को ध्यान में रखते हुए,स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वासन पैकेज को पिछले कुछ समय से तराई क्षेत्र में जमीन के उच्च मूल्य के आलोक में संशोधित किए जाने की जरूरत है।

उन्होंने प्राधिकरण को इस बात से भी अवगत कराया कि व्याघ्र परियोजना की चालू केंद्र प्रायोजित योजना सीएसएस-पीटी को विश्व भर में संरक्षण के लिए सर्वाधिक सफल परियोजनाओं में से एक के रूप में गिना जाता है और विश्व में इस तरह की शायद ही कोई परियोजना है। वर्ष 2008 में जारी सीएसएस - पीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्यों को निधियन सहायता दो श्रेणियों के अंतर्गत दी गयी थी : 100 प्रतिशत और आवर्ती 50 प्रतिशत

कुछ वर्ष पूर्व इस व्यवस्था को बदल दिया गया था और राज्यों को 40 प्रतिशत का संगत अनुदान जारी करने के लिए कहा गया था। इससे संरक्षण प्रयास प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं, क्योंकि राज्य स्तर पर बजट आवंटन में अक्सर लोक कल्याण योजनाओं को प्राथमिकता दी जाती है और राज्यों से संगत अनुदान प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। अत: प्राधिकरण से अनुरोध किया जाता है कि वह कृपया इस मामले की जांच करें और सीएसएस - पीटी के पुराने केंद्र और राज्य हिस्सा अनुपात को बहाल करें।

ख) मुख्य वन्यजीव वार्डन, असम ने असम के तीन टायगर रिजर्वों, नामत: नामेरि, ओरांग और मानस में काजीरंगाटायगर रिजर्व की तर्ज पर विशेष व्याघ्र सुरक्षा बल (एसटीपीएफ)का गठन करने,उन्हें सशस्त्र करने और उनकी तैनाती करने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा, उन्होंने प्राधिकरण से उत्तर प्रदेश की तर्ज पर वन्य जीव - मानव संघर्ष को एक प्राकृतिक आपदा के रूप में घोषित करने के लिए एक परामर्शिक जारी करने का अनुरोध किया। इस मुद्दे पर अपर महानिदेशक (वन्यजीव) ने सूचित किया कि ऐसा पहले ही किया जा चुका है।

ग) मुख्य वन्य जीव वार्डन, महाराष्ट्र ने प्राधिकरण को निषेधात्मक बजट वितरण प्रणाली के संबंध में सूचित किया, जिससे निषेधात्मक मानव व्याघ्र अंत:क्रिया का प्रबंधन करने में लाभ हुआ है। उन्होंने सदस्यों को अवगत कराया कि व्याघ्र परियोजना की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत निधियों को जारी करने में विलंब के कारण विशेष व्याघ्र सुरक्षा बल (एसटीपीएफ) को वेतन देने की समस्या हो रही है, जिसका हल निकाले जाने की जरूरत

है। अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना) एवं सदस्य सचिव (एनटीसीए) ने सूचित किया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में आईएफडी की सहमति प्राप्त करने के लिए सम्यक प्रक्रिया का अनुपालन करना आवश्यक है, जिसमें कभी कभी समय लगता है। मुख्य वन्य जीव वार्डन, महाराष्ट्र ने एनटीसीए द्वारा जारी मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) में दोष का इशारा किया और अनुरोध किया कि हालिया क्षेत्र अनुभवों के आलोक में इस पर फिर से विचार किया जाना चाहिए।

घ) संयुक्त सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने सूचित किया कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और एनटीसीए को सभी राज्यों में अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपारिक वन वासी (वन अधिकार की मान्यता) अधिनियम, 2006 में यथा प्रतिष्ठापित महत्वपूर्ण वन्य जीव पर्यावास (सीडब्ल्यूएच) की अधिसूचना की स्थिति की निगरानी करने की जरुरत है। इस प्रक्रिया की परिणति तक इसे सतत कार्यसूची के रूप में शुरू किया जा सकता है।

ङ) संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय ने सुझाव दिया कि प्राधिकरण को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत निषेधात्मक मानव व्याघ्र अंत:क्रिया के कारण हुई क्षति को पूरा करने की संभावना का पता लगाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सलाह दी कि 15वें वित्त आयोग से परामर्श कर केंद्र प्रायोजित योजना की निधियन व्यवस्था की समीक्षा की जा सकती है।

च) डॉ. अनीश अंधेरिया, ने सुझाव दिया कि व्याघ्र कॉरिडोर क्षेत्रों को टायगर रिजर्वों के पारिस्थितिकीय संवेदनशील प्रक्षेत्र के अंदर होना चाहिए ताकि उनकी अखंडता सुनिश्चित की जा सके। एक उपशमन उपाय के रूप में, उन्होंने सलाह दी कि क्षैतिज अवसंरचना का निर्माण भूमिगत किया जाना चाहिए। उन्होंने टायगर रिजर्वों में और उसके आसपास कीटनाशक के उपयोग को विनियमित करने का मुद्दा उठाया।

प्राधिकरण ने उपर्युक्त मुद्दों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु नोट कर लिया है।

11. कार्यसूची मद सं. 7

अध्यक्ष की मंजूरी से कोई अन्य विषय।

शून्य

यह बैठक अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना) एवं सदस्य सचिव (एनटीसीए) द्वारा सदस्यों को धन्यवाद प्रस्ताव देने के साथ संपन्न हुई।

उपस्थित एनटीसीए सदस्य

क्र.सं.	**नाम**	**पदनाम**
1	डॉ. हर्षवर्धन	**अध्यक्ष,** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रभारी मंत्री
2	पी.आर. सिन्हा	**विशेषज्ञ सदस्य**
3	डॉ.इराच भरूचा	**विशेषज्ञ सदस्य**
4	बी.के. पटनायक	**विशेषज्ञ सदस्य**
5	एस.एस. श्रीवास्तव	**विशेषज्ञ सदस्य**
6	डॉ. अनीश अंधेरिया	**विशेषज्ञ सदस्य**
7	डॉ. खगेश्वर नायक	**विशेषज्ञ सदस्य**
8	सिद्धान्त दास	**सदस्य,** वन महानिदेशक और विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
9	एम.एस. नेगी	**सदस्य,** निदेशक, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
10	सुनील पांडे	**सदस्य,** मुख्य वन्यजीव वार्डन, उत्तर प्रदेश
11	विनोद कुमार	**सदस्य,** क्षेत्र निदेशक कवाल टायगर रिजर्व, मुख्य वन्यजीव वार्डन, तेलंगाना के प्रतिनिधि
12	डॉ. रंजना गुप्ता	**सदस्य,** मुख्य वन्यजीव वार्डन, असम
13	पी.के. वर्मा	**सदस्य,** मुख्य वन्यजीव वार्डन, झारखंड
14	नितिन काकोडकर	**सदस्य** , मुख्य वन्यजीव वार्डन, महाराष्ट्र
15	के. बिस्वाल ,	**सदस्य,** संयुक्त सचिव और विधायी परामर्शदाता, विधि और न्याय मंत्रालय
16	वी. तिवारी	**सदस्य,** संयुक्त सचिव, जनजातीय कार्यमंत्रालय के प्रतिनिधि
17	ए.के. सिंह,	**सदस्य,** सचिव, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के प्रतिनिधि
18	डॉ. संजीव पटजोशी	**सदस्य,** संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव के प्रतिनिधि
19	अनूप कुमार नायक	**सदस्य सचिव,** अपर वन महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

***अनुपस्थित एनटीसीए* सदस्य**

क्र.सं.	नाम	पदनाम
1	डॉ. महेश शर्मा	**उपाध्यक्ष,** राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
2	के.सी. राममूर्ति	**सदस्य,** संसद सदस्य (राज्य सभा)
3	राजू शेट्टी	**सदस्य,** संसद सदस्य (लोकसभा)
4	रिक्त	**सदस्य,** संसद सदस्य (लोकसभा)
5	तिष्यरक्षित चटर्जी	**विशेषज्ञ सदस्य**
6	हेमेंद्र कोठारी	**विशेषज्ञ सदस्य**
7	सी.के. मिश्रा	**सदस्य,** सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
8	सचिव	**सदस्य,** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
9	अध्यक्ष	**सदस्य** , राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
10	मुख्य वन्यजीव वार्डन, ओडिशा	**सदस्य**

अन्य उपस्थित सदस्य

क्र.सं.	नाम	पदनाम
1	डॉ. एस.पी. यादव	एपीसीसीएफ(यूपी)
2	डॉ. अमित मल्लिक	आईजीएफ (एनटीसीए)
3	निशांत वर्मा	डीआईजीएफ (एनटीसीए)
4	सुरेंद्र मेहरा	डीआईजीएफ (एनटीसीए)
5	डॉ. वैभव सी. माथुर	एआईजीएफ (एनटीसीए)
6	डॉ. राजा राम सिंह	एआईजीएफ (एनटीसीए)

तकनीकी समिति, एनटीसीए की 19 वीं बैठक

अपर महानिदेशक (व्याघ्र परियोजना) एवं सदस्य सचिव (एनटीसीए) की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.2018 कोनई दिल्ली में एनटीसीए के सम्मेलन कक्ष में आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति कीउन्नीसवीं बैठक का कार्यवृत्त

इसबैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया था:

1. श्री शाहबाज़ अहमद, पीसीसीएफ (वन्यजीव) / सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, मध्य प्रदेश।
2. श्री विंसेंट रहीम, सीसीएफ और एफडी, संजय डुबरी टायगर रिजर्व, मध्य प्रदेश।
3. श्री मनोज वी. नायर, वैज्ञानिक एफ, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून।
4. डॉ.धनंजय मोहन, अपर पीसीसीएफ, वन्यजीव, उत्तराखंड।
5. श्री क़मर कुरैशी, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून।
6. श्री विष्णुप्रिया कोलिपकम, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून।
7. श्री ए.के. दास, उप-सचिव, आईएफडी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय।
8. श्री घनश्याम प्रसाद, क्षेत्र निदेशक, मुकुंदरा हिल्स टायगर रिजर्व, राजस्थान।
9. श्री टी. मोहन राज, डीसीएफ (वन्यजीव), मुकुंदरा हिल्स टायगर रिजर्व, राजस्थान।

दिनांक26.03.2018 को आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति की18 वींबैठकके कार्यवृत्त की पुष्टि

संक्षिप्त विवरण : अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि दिनांक 26.03.2018 को आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति की 18वींबैठक के कार्यवृत्तको पटल पर रखा गया था। उन पर कोई टिप्पणी प्राप्तनहीं हुई थी।

निर्णय: तकनीकी समिति की 18वींबैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

कार्यसूची मद सं. 1

टायगर रिजर्व में हाथीआधिक्य आकलन संबंधी प्रस्तावके संबंध में भारतीय वन्यजीव संस्थान से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : विस्तृत चर्चा / विचार-विमर्श के बाद समिति ने एनटीसीए परकोई अतिरिक्त लागत भार नहीं डालने और प्रस्तावित कार्यकलापों को पहले से अनुमोदित "अखिल भारतीय व्याघ्र आकलन, 2018 परियोजना" के भाग के रूप में शुरू करने के अध्यधीन इस प्रस्ताव के सैद्धांतिक अनुमोदन की सिफारिश की।

निर्णय: "सैद्धांतिक रूप से" स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 2

मुकुंदरा हिल्स टायगर रिजर्व (एमएचटीआर), कोटा, राजस्थान में बाघों को फिर से रखने के प्रस्तावके संबंध में मुख्य वन्यजीव वार्डन, राजस्थान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

संक्षिप्त विवरण: विस्तृत चर्चा / विचार-विमर्श के बाद, समिति ने एनटीसीए प्रोटोकॉल, एसओपी और न्यायालय के आदेश (यदि कोई हो) के अनुपालन के अध्यधीन और जंजीर बाड़े को चरणबद्ध तरीके से हटाने तथारेलवे लाइन/सड़कों को छोड़करबाड़ा घेरे पर दीवार बनाने के अध्यधीन एमएचटीआर के दक्षिणी भाग में बाघ को छोड़ने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन पुनरुज्जीवित करने की और चरण- I (दो मादा बाघ) के अनुमोदन की सिफारिश की। इस समिति ने निर्धारित अनुपालना का मूल्यांकन करने के लिए और अगली बैठक में तकनीकी समिति के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु इस प्रयोजन के लिए पहले से ही गठित समिति (जिसमें एनटीसीए, डब्ल्यूआईआई एवं राज्य वन विभाग अधिकारी शामिल हैं) द्वारा स्थल निरीक्षण की भी सिफारिश की है।

निर्णय: "सैद्धांतिक रूप से" स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 3

संजय दुबरी टायगर रिजर्व में गौर के पुनर्स्थापन के बाबत मध्यप्रदेश के मुख्य वन्यजीव वार्डन से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति ने एनटीसीए परबिना किसी लागत भार के इस प्रस्ताव की और साथ ही कान्हा टायगर रिजर्वसे बाँधवगढ़ टायगर रिजर्व में किए गए गौरके स्थानान्तरण के पहले के अनुभव का भी उपयोग करने की सिफारिश की।

निर्णय: स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 4

एनटीसीए द्वारा वित्त पोषित परियोजना "ताडोबा-अंधारी टायगर रिजर्व(टीएटीआर) और इससे जुड़े भू-भाग में बाघों, सह-भक्षियों और भक्ष्य पशु प्रजातियों की मार्च, 2019 तक बिना किसी लागत विस्तार के दीर्घकालिक निगरानी के लिए एवं 5वीं किस्त जारी करने" के संबंध में भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से प्राप्तप्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण: चूंकि यह परियोजना चरण-IV की निगरानी, रेडियो कॉलर बाघों की निगरानी और टीएटीआरके बाहर बाघों की आवाजाही को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैऔर सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, महाराष्ट्र ने पहले ही इसकी सिफारिश कर दी है, इससमिति ने मार्च, 2019 तक बिना किसी लागत वृद्धि के और इसमें और विस्तार नहीं देने की शर्त पर इसकी सिफारिश की।

निर्णय: स्वीकृत।

<u>कार्यसूची मद सं.5</u>

टायगर रिजर्व के बफर और फ्रिंज क्षेत्रों में टाइगर सफारी स्थापित करने के लिए एनटीसीए के दिशा-निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव

संक्षिप्त विवरण : विस्तृत चर्चा / विचार-विमर्श के बाद समिति ने प्रस्ताव को आस्थगित करने और प्रस्तावित संशोधन के संबंध में व्याघ्र रेंज राज्यों के सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू / फील्ड निदेशकों से टिप्पणियां लेने का फैसला किया।

निर्णय: आस्थगित।

<u>कार्यसूची मद सं. 6</u>

संजय दुबरी टायगर रिजर्व,मध्यप्रदेश में बाघों की आबादी, भक्ष्य पशु की प्रजातियों और पर्यावास स्थिति की सक्रिय पुन:प्राप्ति रणनीतियों औरदीर्घकालिक निगरानी के संबंध में मुख्य वन्यजीव वार्डन, मध्य प्रदेश से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति ने पशुओं को पट्टा लगाने की आवश्यकता का मूल्यांकन करने और एनसीएए द्वारा प्रस्तावित बजट को फिर से निर्धारित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन के प्रस्ताव की सिफारिश की।

निर्णय: "सैद्धांतिकरूप से" स्वीकृत।

<u>कार्यसूची मद सं.7</u>

भारतीयटायगर रिजर्वों में आगंतुक उपयोग की आयोजना और प्रबंधन विषय पर 8 से 10 अगस्त 2018 के दौरान एक तीन दिवसीय क्षमता निर्माण सह आयोजना कार्यशाला के आयोजन के प्रस्ताव" के संबंध में भारतीयवन्यजीव संस्थान, देहरादून से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति नेटायगर रिजर्वों में अधिक आगंतुक वाले व्याघ्र रेंज राज्यों से प्रतिभागिता की शर्त पर और कार्यशाला को, एनटीसीए के निर्देशात्मक मानकों और दिशानिर्देशों की अनुपालना के लिए रूपरेखा विकसित करने, उसकी योजना बनाने / निगरानी करने के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित रखने की शर्त पर अनुमोदन के लिए इस प्रस्ताव की सिफारिश की, जिसका कुल बजट परिव्यय 7.00 लाख रुपए तक सीमित होगा।

निर्णय: स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 8

मानव व्याघ्र निषेधात्मक अंत:क्रिया के उपशमन के लिए पी-213 (33) बाघिन (पट्टा लगे) को पन्ना टीआर बफर क्षेत्र से संजय दुबरी टायगर रिजर्व के क्षेत्र में स्थानांतरित करने के संबध में सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, मध्यप्रदेश से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : संबंधितटायगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सक्रिय प्रबंधन से एनटीसीए व्यवहार की एसओपी की अनुपालना के लिए रिपोर्ट की प्रस्तुति के अध्यधीन मानव वन्यजीव संघर्ष के उपशमन के आलोक में कार्योपरांत अनुमोदन के लिए समिति नेइस प्रस्ताव की सिफारिश की।

निर्णय: कार्योपरांतस्वीकृति के लिए अनुशंसित।

कार्यसूची मद सं.9

***कान्हाटायगर रिजर्व से सतुपुड़ा टायगर रिजर्व से बारहसिंगा ले जाने हेतु अनुमति* के संबंध में श्री जितेंद्र अग्रवाल, पीसीसीएफ (वन्यजीव), मध्य प्रदेश से प्राप्त प्रस्ताव**

संक्षिप्त विवरण : समिति ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 12 (खख) आदिके तहत संवैधानिक प्रावधानों और शाकभक्षी जीवों के स्थानांतरण के लिए विकसित प्रोटोकॉल की अनुपालना के अध्यधीन अनुमोदन हेतु प्रस्ताव की सिफारिश की।

निर्णय: स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 10

टायगर रिजर्व में फ्रंटलाइन की यथास्थितिक्षमता निर्माण के लिए ग्लोबल टाइगर फोरम से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति के अनुमोदनार्थप्रस्ताव की सिफारिश की, क्योंकि इस प्रस्ताव से"बहु-कार्य कुशल वन रक्षक" की दिशा में लक्ष्य करते हुए टायगर रिजर्व में क्षेत्र संरचनाओं की क्षमता में वृद्धि होगी।

निर्णय: स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं. 11

नन्धौर वन्य जीव विहार एवं सुरई वन क्षेत्र को टायगर रिजर्व घोषित किये जाने के संबंधमें पीसीसीएफ(वन्यजीव) औरसीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, उत्तराखंड से प्राप्त प्रस्ताव

संक्षिप्त विवरण : समिति ने इस प्रस्ताव की सैद्धांतिक मंजूरी हेतुसिफारिश की। समिति ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38फ के प्रावधानों के अनुसार एनटीसीए मूल और बफर क्षेत्र का परिसीमन करते हुए टायगर रिजर्व के गठन के लिए मसौदा अधिसूचना की प्रस्तुत करने के लिए भी सिफारिश की।

निर्णय: "सैद्धांतिक रूप से" स्वीकृत।

कार्यसूची मद सं.12

वन्यजीव अपराध और अवैध वन्यजीव व्यापार को रोकने के लिए साइबर निगरानी कौशल का उन्नयन करने" की दिशा में वन कर्मचारियों के क्षमता निर्माण के संबंध में ट्रैफिक इंडिया, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ सचिवालय, नई दिल्ली से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति ने एनटीसीए परबिना किसी लागत भार के इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक अनुमोदन देने की सिफारिश की है, क्योंकि यह क्षेत्र ज्ञान प्रबंधन, साइबर अपराध और मोबाइल सर्वेक्षण तकनीक इत्यादि के उपयोग के क्षेत्र में वन अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने पर लक्षित है।

निर्णय: "सैद्धांतिकरूप से" स्वीकृत।

एडीजी (व्याघ्र परियोजना) और सदस्य सचिव (एनटीसीए) की अध्यक्षता में एनटीसीए के सम्मेलन कक्ष,नई दिल्लीमें दिनांक28.08.2018 को आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति की बीसवीं बैठक का कार्यवृत्त।

इसबैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

1) डॉ. तिष्यरक्षित चटर्जी, पूर्व सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और सदस्य, एनटीसीए।
2) श्री रवि सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और सदस्य, एनटीसीए।
3) डॉ. एस.पी. यादव, अपर पीसीसीएफ एवं सदस्य सचिव (एसजेडए), उत्तर प्रदेश।
4) श्री निशांत वर्मा, उप-महानिरीक्षक, एनटीसीए, मुख्यालय, नई दिल्ली।
5) डॉ. राजा राम सिंह, अपर महानिरीक्षक, एनटीसीए, मुख्यालय, नई दिल्ली
6) डॉ. वैभव सी. माथुर, अपर महानिरीक्षक, एनटीसीए, मुख्यालय, नई दिल्ली।
7) श्री एन. महलिंग, उप-निदेशक, दक्षिणी प्रभाग पलामू टायगर रिजर्व, झारखंड।
8) डॉ. अजय कुमार, ज़ू वेट, बीबीबी पार्क, रांची।
9) श्री एम. सी. बेनीवाल, अवर सचिव (आईएफडी), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली।

<u>दिनांक 25.06.2018 को आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति की 19वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि</u>

संक्षिप्त विवरण : अध्यक्ष ने समिति को सूचित किया कि दिनांक25.06.2018 को आयोजित एनटीसीए तकनीकी समिति की 19वींबैठक के कार्यवृत्तको पटल पर रख दिया गया था। सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू,राजस्थान से प्राप्त विसम्मतिनोट की जांच की गई और इसे सिरे से खारिज कर दिया गया क्योंकि जारी किया गया कार्यवृत्त विचार-विमर्श का हिस्सा था जो कियागया था।

निर्णय : परिचालित कार्यवृत्त में सभी सदस्यों के नाम शामिल करने के लिए किए गए गौण संशोधन के अध्यधीन तकनीकी समिति की 19वीं बैठक के कार्यवृत्त की, पुष्टि की गयी थी।

<u>कार्यसूची मद सं. 1:</u>

वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38 (फ)के तहत नुआपाड़ा जिले में सुनबेड़ा टायगर रिजर्वकीघोषणा के संबंध में विशेष सचिव, वन और पर्यावरण विभाग, ओडिशा सरकार से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : नुआपाड़ा जिले में सनबेडा टायगर रिजर्व के गठन के लिए विचारार्थ विस्तृत प्रस्ताव पेश करने के अनुरोध के साथ एनटीसीए कीसैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई थी। तदुनसार, समिति के विचारार्थ एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। समिति ने अधिसूचना में निम्नवत संशोधन हेतु इस प्रस्ताव को आस्थगित कर दिया :

क) अधिसूचना के अनुसार क्षेत्र को सुसज्जित करने की आवश्यकता है।

ख) एफआरए के तहत निपटान का विवरण अधिसूचना में रेखांकितकिया जाना चाहिए।

ग) दी गई अनुसूचियों को स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है।

घ) टायगर रिजर्व अधिसूचना की प्रस्तावना जिसमें इसे एक प्रशासनिक आवश्यकता कहा गया है और न कि एक संवैधानिक आवश्यकता है, को वापस लिया जाना चाहिए और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार इसकी पुनर्संरचना की जानी चाहिए।

निर्णय: सुधार के लिए आस्थगित।

<u>कार्यसूची मद सं. 2:</u>

चीतल और सांभर को भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रॉची से पलामू टायगर रिजर्व, डाल्टेनगंज में स्थानान्तरित करने के संबंध में पीसीसीएफ और सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू, झारखंड से प्राप्त प्रस्ताव।

संक्षिप्त विवरण : समिति नेइसप्रस्ताव की सिफारिश नहीं की और टीसीपी में यथा वर्णित यथास्थिति शाकभक्षी आबादी को बढ़ाने की सलाह दी।

निर्णय : अस्वीकृत।

<u>कार्यसूची मद सं. 3:</u>

उत्तर प्रदेश (बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, कुशीनगर जिले) में मानव-वन्यजीव इंटरफेस मुद्दों का हल निकालने के लिएजीटीएफ, नई दिल्ली से प्राप्त प्रस्ताव।
संक्षिप्त विवरण : इस प्रस्ताव को दिनांक 01.09.2017 को आयोजित एनटीसीए की 14वीं बैठक में सैद्धांतिक मंजूरी दी गयी थी। विस्तृत प्रस्ताव (वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-2022 तक 5 वर्ष) (अतिरिक्त एपीओ) पर समिति द्वारा चर्चा की गई और अनुमोदन हेतु सिफारिश की गई। वर्ष-दर-वर्ष आधार पर एनटीसीएदिशानिर्देशों के अनुसार इसके सूक्ष्म परिष्करण के उपरांत सीएसएस - पीटी के माध्यम से अपेक्षित बजट उपलब्ध करवाया जाएगा।

संक्षिप्त विवरण: यह व्याघ्र/अन्य वन्यजीव प्रजातियों को लाभान्वित करने और साथ ही साथ उस भूभाग पर प्रचालनरत सभी संबंधित हितधारकों (स्थानीय लोग, सरकारी एजेंसियां, निजी कारोबार समूह इत्यादि) को हितलाभ पहुँचाने के लिएएजेंडा सह-घटना को सुदृढ करने के लिए दो चरणों वाला एक प्रस्ताव है।एनटीसीए पर बिना लागत भार के, समवर्ती और अंतिम संकेतक संबद्धअनुमानित आउटपुट / परिणामों को शामिल करने की शर्तों के अध्यधीन इस प्रस्ताव की अनुशंसा की गयी।

निर्णय : एनटीसीए पर लागत भार के बिना स्वीकृत।

<u>कार्यसूची मद सं. 4:</u>

काजीरंगाटायगर रिजर्व, असम के फ्रिंज गाँवों में संरक्षण और संघर्ष समाधान में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रस्ताव (3 वर्ष का प्रस्ताव (75.66 लाख रुपये का बजट परिव्यय))

संक्षिप्त विवरण : विचार-विमर्श/चर्चा के बाद , समिति ने अंतिम अनुमोदन के लिए सिफारिश की।
निर्णय: स्वीकृत।

<u>कार्यसूची मद सं. 5:</u>
जंगली जानवरों द्वारा जीवन और फसल / संपत्ति को नुकसान के लिए मुआवजे की वृद्धि का प्रस्ताव।
संक्षिप्त : समिति आईएफडी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तनमंत्रालय से आगे परामर्श के लिए प्रस्ताव कोआस्थगित कर दिया।

निर्णय: आस्थगित।

<u>कार्यसूची मद सं.6:</u>
अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य मुद्दा। (क) टायगर रिजर्व में कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) का मुद्दा तकनीकी समिति के सदस्य श्री रवि सिंह द्वारा उठाया गया था।

संक्षिप्त विवरण : समिति को बताया गया कि डब्ल्यूआईआई,देहरादून से सीडीवी अनुसंधान संबंधी एक प्रस्ताव पहलेतकनीकी समिति की बैठक में उठायागया था और अनुमोदित किया गया था। समिति ने भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के वन्यजीव स्वास्थ्य विभाग के वैज्ञानिकों के सह-समन्वय का खंड छोड़ने की सिफारिश की ।

निर्णय: स्वीकृत ।

अध्याय IV

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा गठित समितियां

क. राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारावर्ष 2018-19 के दौरान गठित समितियों / दलों के विवरण इस प्रकार हैं:-

I फा.सं. 7-3/2018-एनटीसीए दिनांक 05.06.2018 के तहत मुकुंदरा हिल्स टायगर रिजर्व के प्रस्तावित पारि-संवेदनशील क्षेत्र में पड़ने वाले कोटा जिले के रानपुर ग्राम, तहसिल लाडपुरा में अवस्थित औद्योगिक क्षेत्र कुबेर का विस्तार।

डॉ. राजा राम सिंह, सहायक महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय , नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।
स्थल मूल्यांकन के निर्देश और निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यहरिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

II फा.सं. 7-4/2018-एनटीसीए दिनांक 08.06.2018 के तहत मुकुंद्रा हिल्स टायगर रिजर्व से गुजरने वाले कोटा – नागदा खंड के मौजूदा दरार वाले चाप पुल (आर्क ब्रिज) सं. 150 का पुनर्स्थापन।

डॉ. राजा राम सिंह, सहायक महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यहरिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

III.फा.सं. 7-10/2018-एनटीसीए दिनांक 12.06.2018 के तहत चिलकालुरिपेटा से कडापा तक 765 केवी दोहरे परिपथ संचरण लाइन (ट्रांसमिशन लाइन) की स्थापना करने के लिए गंगयापल्ली बीट रेंज का कांचेरलामोरम आरएफ,कक्ष सं. 156 और कांचेरलामोरम विस्तार आरएफ में, बडवेल रेंज के जंगामराजुपल्ली बीट के कक्ष सं. 265 एवं 266 की वन भूमि में 27.744 हैक्टेयर भूमि का डायवर्जन।

श्री राजेन्द्र जी गारावाड, सहायक महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया था। इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

IV.फा.सं. 7-11/2018-एनटीसीए दिनांक 12.06.2018 के तहत 400 केवी (क्वैड) जिगमेलिंग - अलीपुरद्वार संचरण लाइन के निर्माण के लिए 208.807 हेक्टेयर वन भूमि काडायवर्जन।

श्री निशांत वर्मा, उप महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।
इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

V. फा.सं. 7-15/2018-एनटीसीए दिनांक 15.06.2018 के तहत पूर्व में वन्यजीव प्रबंधन प्रभाग नागार्जुनसागर के अमराबाद टायगर रिजर्व के भाग नेलिकार आरएफ में किमी 72/460 से 73/395 (0.935 किमी.) तक रारा - 565 नाक्रेकल - नागार्जुनसागर खंड को एनएचडीपी -IV के तहत पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 0.9723 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन।

श्री राजेन्द्र जी गारावाड, सहायक महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया था। इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

VI फा.सं.7-18/2019-एनटीसीए दिनांक 02.10.2018 के तहत मुकुंद्रा राष्ट्रीय उद्यान में भैसरोगढ़ - बोराव जल आपूर्ति परियोजना।

श्री निशांत वर्मा, उप महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।
इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

VII (1) सुमन नगर गांव में अवस्थित 10.350 हेक्टेयर क्षेत्र जो राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 6.0 किमी की दूरी पर पड़ता है,से नदी तल सामग्री (आरबीएम) के संग्रह का प्रस्ताव।

(2) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 3.50 किमी की दूरी पर मिसेरपुर गाँव में स्थित 72.208 हेक्टेयर क्षेत्र से नदी तल सामग्री (आरबीएम) संग्रह का प्रस्ताव।

(3) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 6.0 किमी की दूरी पर स्थितज्वालापुर बहरहुद गाँव में 10.350 हेक्टेयर क्षेत्र से नदी तल सामग्री (आरबीएम) संग्रह का प्रस्ताव।

(4) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 2.50 किमी की दूरी पर स्थित डोईवाला, मिस्सरवाला खुर्द, देसवाला, घेसरपडी, फतेहपुर टांडा, मार्खन ग्रांटगाँव में स्थित 135.856 हैक्टेयर से नदी तल सामग्री (आरबीएम) संग्रह का प्रस्ताव।

(5) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 8 किलोमीटर की दूरी पर बिशनपुर गाँव में स्थित क्षेत्र में 137.45 हेक्टेयर क्षेत्र से नदी तल सामग्री (आरबीएम) एकत्र करने का प्रस्ताव।

(6) फा.सं. 7-20/2018-एनटीसीए दिनांक 3.08.2018 के तहत राजाजी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 2.00 किलोमीटर की दूरी पर सलेमपुर मेहदूद गाँव में स्थित 7.702 हैक्टेयर क्षेत्र सेनदी तल सामग्री (आरबीएम) एकत्र करने का प्रस्ताव।

टीम की संरचना इस प्रकार है:

(क) डॉ. बिवाश पांडव, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून।
(ख) व्याघ्र प्रकोष्ठ, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के प्रतिनिधि।
(ग) मुख्य वन्यजीव वार्डन, उत्तराखंड सरकार , देहरादून सरकार के प्रतिनिधि।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- व्याघ्र प्रसार, कॉरिडोर, इसके पर्यावास इत्यादि के सापेक्ष क्षेत्र पर इस प्रस्ताव के प्रभाव का मूल्यनिरूपण और मूल्यांकन करना।

इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 20 दिनों के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी

VIII. फा.सं. 7-24 / 2018-एनटीसीएदिनांक 31.10.2018 के तहत ग्राम- सोहगरा , जिला- पलामू के पास स्थित12.885 हेक्टेयर की निजी भूमि में सोहगरा ग्रेफाइट का खनन।

श्री डब्ल्यू.लोंग्वा, महानिरीक्षक, एनटीसीए, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को एतद्द्वारा ऊपर उल्लिखित प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

IX. फा.सं. 7-25/2018-एनटीसीएदिनांक 31.10.2018 के तहत श्रीराम नगर औद्योगिक क्षेत्र, कोटा में डीसीएम श्रीराम, कोटा कॉम्प्लेक्स की सभी यूनिटों के लिए मंजूरी का प्रस्ताव

श्री निशांत वर्मा, उप महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को एतद्द्वाराउक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करनेके लिए निर्देशित किया जाता है।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

X. फा.सं. 7-25/2018-एनटीसीएदिनांक 31.10.2018 के तहत धनेश्वर एवं सुतारा ग्रामों, तहसिलऔर जिला बुंदी में अवस्थित मेसर्स कन्हैयालाल रामेश्वर दास द्वारा 80,000 टीपीए से (आरओएम) तक की उत्पादन क्षमता वृद्धि से खनिज बलुआ पत्थर (गौण खनिज) का खनन।

श्री निशांत वर्मा, उप महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को एतद्द्वाराउक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करनेके लिए निर्देशित किया जाता है।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 15दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XI फा.सं.7-29 / 2018-एनटीसीएदिनांक 26.10.2018 के तहत पलामू जिला में 81.75 हेक्टेयर के क्षेत्र में पुरानाडीह ग्रेफाइट खदान के लिए प्रस्ताव।

श्री डब्ल्यू. लोंग्वा, महानिरीक्षक, एनटीसीए, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को एतद्द्वारा ऊपरउल्लिखित प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया है।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 15दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XII. फा.सं. 7-30/2018-एनटीसीए दिनांक02.01.2018 के तहत कवल टायगर रिजर्व के केंद्र से मैसामपेट और रामपुर गॉवों को स्थांतरित करने के लिए 112 हैक्टेयर वन भूमि के लिए अधिसूचना रद्दीकरण का प्रस्ताव।

श्री राजेन्द्र जी गारावाड, सहायक वन महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया था। इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XIII. फा.सं. 7-31/2018-एनटीसीए दिनांक02.01.2018 के तहत कवल टायगर रिजर्व के केंद्र से मैसामपेट और रामपुर गॉवों को स्थांतरित करने के लिए 112 हैक्टेयर वन भूमि के लिए अधिसूचना रद्दीकरण का प्रस्ताव।

श्री राजेन्द्र जी गारावाड, सहायक वन महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया था। इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XIV फा.सं.7-4 / 2019-एनटीसीए दिनांक08.01.2019 के तहत मुकांद्रा हिल्स टायगर रिजर्व के प्रस्तावित पारि-संवेदनशील क्षेत्र में पड़ने वाले कोटा जिला के लाडपुरा तहसिल के रानपुर गॉव में अवस्थि त औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार।

डॉ. राजा राम सिंह, अपर महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यहरिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 07दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XV. फा.सं.7-5/2019-एनटीसीए दिनांक 08.01.2019 के तहत ग्राम सतिवाला, कुडकावाला, तेलिवाला एवं खेरी के सुसवा नदी तल, जो राजाजी राष्ट्रीय उद्यान, जिला देहरादून, उत्तराखंड से करीब 1.5 किमी की दूरी पर पड़ता है, से रेत, बाजरी और बोल्डर खनन हेतु 55.51 हैक्टेयर भूमि के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र।

डॉ. राजा राम सिंह, सहायक महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, मुख्यालय, नई दिल्ली को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया गया था।

इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यहरिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 07दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

XVI.फा. सं. 7-7/2019-एनटीसीए दिनांक 04.01.2019 के तहत कवल टायगर रिजर्व, केबी के असिफाबाद प्रमंडल के टडोबा और इंद्रावती टायगर रिजर्व को जोड़ने वाले व्याघ्र कॉरिडोर क्षेत्र में पड़ने वाले रारा-363 के मानचेरियल से चंद्रपुर खंड पर किमी 0.000 से किमी 94.602 किमी तक में चार लेन बनाने के लिए असिफाबाद प्रमंडलमें पड़ने वाली 5.7414 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन।

श्री राजेन्द्र जी गारावाड, सहायक वन महानिरीक्षक, राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु को उक्त प्रस्ताव के संबंध में स्थल मूल्यांकन करने का निर्देश दिया गया था। इस स्थल मूल्यांकन के निर्देश निबंधन इस प्रकार हैं:

- बाघ प्रसार, वितरण और उसके पर्यावास के सापेक्ष क्षेत्र का मूल्यांकन करने के लिए और उपशमन उपायों (यदि कोई हो) की व्यवहार्यता का सुझाव देने के लिए स्थलमूल्यांकन करना।

यह रिपोर्ट इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने के 07दिनों के अंदर प्रस्तुत की जाएगी।

*****

अध्याय V
प्रशासनिक मामले

सदस्यसचिव को अपने दायित्वों का निर्वहन करने में सहायता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की अवस्थापना में 15 नियमित और 39 संविदा आधारित प्रशासनिक कार्मिक हैं। भारतीय वन सेवा के ओडिशा संवर्ग के अधिकारीडॉ. अनुपकुमार नायक ने 18 अप्रैल 2018से राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सदस्यसचिव का कार्यभार संभाला है। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की कार्यालय अवस्थापना से संबंधित पदों और पदधारियों (2018-19) का ब्यौराइस प्रकार है:

अप्रैल 2018 - मार्च 2019

क्र. सं.	पद का नाम	पदधारी का नाम	पे बैंड / वेतन(रु.)
स्थाई आधार पर			
<u>मुख्यालय</u>			
1.	सदस्य सचिव	डॉ.अनुप कुमार नायक	एचएजी + वेतनमान रुपये. 75,500 - 80000/- (संशोधन पूर्व)
2.	वन महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	डॉ. अमित मल्लिक	पीबी -4 (ग्रेड पे रु.10,000 /-)
3.	उप महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	श्री निशांत वर्मा	पीबी -4 (ग्रेड पे रु.10,000/-)
4.	उप महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	श्री सुरेन्द्र मेहरा	पीबी -4 (ग्रेड पे रु.10,000/-)
5.	उप महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	श्री संजय कुमार (दिनांक 02.07.2018 तक)	पीबी -4 (ग्रेड पे रु.10,000/-)
6.	सहायक महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	डॉ. वैभव सी. माथुर	पीबी -3 (ग्रेड पे रु.76,00/-)
7.	सहायक महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	डॉ. राजा राम सिंह	पीबी -3 (ग्रेड पे रु.76,00/-)
8.	सहायक महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	रिक्त	पीबी - 4 (ग्रेड पे रु.87,00/-)
9.	सहायक महानिरीक्षक (एनटीसीए - मुख्यालय)	रिक्त	पीबी -4 (ग्रेड पे रु.8,700/-)
